कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत पारेषण खण्ड,
उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपकम)
132 केवी विद्युत उपकेन्द्र त्रिपुला परिसर
रायबरेली– 229001

Office of the Executive Engineer,
Electricity Transmission Division,
U.P. Power Transmission Corp Ltd.
(A U.P. Govt. Undertaking)
132KV S/S Tripula campus
RAEBARELI- 229 001
E-mail: **eeetdrbly@upptcl.org**

सं0– 2560/वि0पा0ख0रा0/2021–22/निविदा

दिनॉक : 25/10/2021

विषय : निविदा सं0 11/वि0पा0ख0रा0/2021–22 के प्रकाशन के सम्बन्ध में।

सेवा में,

विज्ञापन व्यवस्थापक
स्वतन्त्र चेतना (हिंदी दैनिक)
लखनऊ।

महोदय,

कृप्या संलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित दैनिक/साप्ताहिक समाचार पत्र में दिनॉक 26.10.2021 के अंक में कम से कम स्थान में (हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 8–10 प्वाइन्ट टाइप में तथा अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 6–8 प्वाइण्ट में) समाचार पत्र के केवल एक कालम में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हेडिंग व नीचे का नाम व पता तथा यथा सम्भव एक ही लाइन में संलग्न मैटर के रुप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें।

1–स्थानीय प्रवृत्ति की सूचनाएं जैसे बिजली बन्द रहने की सूचना, उपभोक्ता शिविर लगाने की सूचना, बिजली बिलों के सम्बन्ध में सूचना आदि का प्रकाशन यथा संभव समाचार पत्र के स्थानीय पृष्ठ पर तथा निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ठ पर कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

2–प्रकाशन के बाद विज्ञापन की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियों में संलग्न करते हुए भुगतान हेतु अनुसचिव, जन सम्पर्क, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड, शक्ति भवन लखनऊ को अधोहस्ताक्षरी को (जहॉं भुगतान क्षेत्रीय स्तर पर होना है) को प्रेषित करें। विज्ञापन ओदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान संभव न होगा।

3–संलग्न हिन्दी/अंग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्रों में, अंग्रेजी भाषा में तथा हिन्दी समाचार पत्र में केवल हिन्दी भाषा में ही किया जाय। हिन्दी समाचार पत्र के लिए संलग्न अंग्रेजी भाषा की सामग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा में करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाय जिसके लिए समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।

4–विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाय अन्यथा सम्बन्धित बीजकों का सत्यापन/भुगतान नहीं किया जाएगा।

5–यदि आपको सूचना एवम् जन सम्पर्क विभाग उ0प्र0 तथा विज्ञापन एवम् दृश्य प्रचार निर्देशालय भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हों तो कृप्या विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।

6–विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाइप में राष्ट्रहित में बिजली बचाएं का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनॉक अवश्य प्रेषित करें।

7–उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत ढंग से प्रकाशित किए गये विज्ञापनों में निगम द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा समपूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है।

संलग्नक : विज्ञापन सामग्री।

भवदीय

अधिशाषी अभियन्ता

सं0 /वि0पा0ख0रा0/2021–22/निविदा तद्दिनॉक।

प्रतिलिपि विज्ञापन सामग्री सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1– अनुसचिव, जन समपर्क उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड, शक्ति भवन लखनऊ।

2– अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल, सुलतानपुर।

3– सूचना पट।

अधिशाषी अभियन्ता

उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0

ई–निविदा सूचना सं0 11/वि0पा0ख0रा0/2021–22

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा अनुभवी ठेकेदारों/फर्मों से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई–टेण्डरिंग बेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ई–निविदायें दो भागों में निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा सूचना सं0 11/वि0पा0ख0रा0/2021–22 विद्युत पारेषण खण्ड रायबरेली के अन्तर्गत 220 के0वी0 द्विकल परिपथ रायबरेली(पी0जी0)–ऊँचाहार(एन0टी0पी0सी0) पारेषण लाइन के विस्थापन/ऊँचाई बढ़ाने हेतु प्राथमिक सर्वे का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 1,000/–, निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी.एस.टी. सहित) 118/–(अप्रतिदेय) निविदा डालने की अंतिम तिथि 17.11.2021 समय 17:00 बजे तक, निविदा खुलने की तिथि 18.11.2021 को समय 15.30 बजे तक। निविदा प्रपत्र प्राप्ति हेतु तथा धरोहर राशि हेतु धनराशि इस कार्यालय के चालू खाता (पंजाब नेशनल बैंक, सिविल लाईन्स रायबरेली, खाता सं0– 4655005800000018, IFSC Code: PUNB0465500) मे आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से जमा किया जा सकता है। ई– निविदा के प्रथम भाग में धरोहर धनराशि के रुप में अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में कृत आर0टी0जी0एस0 की पावती ही स्वीकार की जाएंगी तथा तकनीकी एवं अनुभव सम्बन्धित प्रपत्र, जी0एस0टी0 प्रमाण–पत्र, व्यावसायिक व अन्य शर्तें आदि एवं दूसरे भाग में दरें व वाणिज्यिक नियम एवं शर्तें प्रदान करनी होंगी। निविदाओं के भाग– 2 (प्राइस पार्ट्स) के खुलने की तिथि को ई–बेवसाइट पर सूचित किया जाएगा। निविदा के खुलने की तिथि को अवकाश अथवा अधोहस्ताक्षरी के मुख्यालय से बाहर रहने की स्थिति में निविदा अगले कार्यदिवस पर खोली जायेंगी। ई–टेण्डरिंग वेबसाईट etender.up.nic.in पर विस्तृत जानकारी एवं अन्य संशोधनों आदि के सम्बन्ध में सूचना को देखा एवं निविदा प्रपत्र को डाउन लोड किया जा सकता हैं । अधोहस्ताक्षरी को एक अथवा सभी निविदायें बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

" राष्ट्रहित में बिजली बचायें। "

अधिशाषी अभियन्ता

विद्युत पारेषण खण्ड,

रायबरेली